दिन–रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 02 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए राज्य का आम बजट कल पेश होगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बजट बिहार के तीव्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

02. निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया, मतदाता फोटो पहचान पत्र – ईपीआईसी संख्या समान होने का मतलब फर्जी मतदाता नहीं; पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट ईपीआईसी संख्या आवंटित की जाएगी।

03. कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा–कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में ए टीम के रूप में मुकाबला करेगी। मजबूती से लड़ेगी चुनाव।

04. और, जे.पी. गंगा पथ के विस्तार पर साढ़े सात हजार करोड़ से अधिक रूपये खर्च होंगे। विस्तार के बाद पथ की लंबाई साढ़े बीस किलोमीटर से बढ़कर एक सौ बयालीस किलोमीटर हो जायेगी।

---

वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए राज्य का आम बजट कल पेश किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी विधानसभा में बजट प्रस्तुत करेंगे। श्री चौधरी ने आज पटना में कहा कि आने वाला बजट बिहार के तीव्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

–––बाइट–––

वहीं, चार मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा। पांच मार्च से बजट पर सामान्य विमर्श होगा। छह मार्च को बजट पर सामान्य विमर्श के साथ ही सरकार का उत्तर भी होगा। अट्ठाईस मार्च तक चलने वाले इस सत्र में कुल बीस बैठकें होंगी।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने बजट में दिव्यांग, वृद्ध और विधवा पेंशन को बढ़ाने की सरकार से मांग की है। आज पटना में संवाददाताओं से पटना में श्री यादव ने कहा कि सरकार को बजट में महिलाओं के कल्याण के लिए आवंटित राशि में बढ़ोतरी करनी चाहिए।

–––बाइट–––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दावा किया है कि एनडीए पूरी तरह एकजुट है। श्री सिंह ने गया में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार की जनता अब राष्ट्रीय जनता दल को नकार चुकी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की आलोचना करते हुए कहा कि अब बिहार के वोटर जंगलराज की वापसी नहीं होने देंगे। श्री सिंह ने कहा कि राज्य के लोगों को नीतीश कुमार के नेतृत्व में हो रहे विकास पर भरोसा है।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय शहरी विकास और आवास राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास के लिए काम किया है। श्री साहू आज पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में एक सामाजिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। समारोह को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित हुए।

---

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने दावा किया है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। आज पटना में आयोजित कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में श्री साव ने कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार में लगातार विकास कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

———बाइट———

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस भी सक्रिय हो गई है। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने पार्टी नेताओं को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जनाधार वाले नेताओं को आगे बढाने को कहा है। वे आज सदाकत आश्रम में पार्टी नेताओं के साथ बातचीत कर रहे थे।

———बाइट———

बिहार प्रभारी बनने के बाद तीसरी बार पटना पहुंचे श्री अल्लावरू ने कहा कि कांग्रेस अब ”बी” टीम बनकर नही बल्कि ”ए” टीम बनकर चुनावी मैदान में उतरेगी।

———बाइट———

---

भाकपा—माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी विपक्षी दल मिलकर लड़े तो एनडीए की वापसी मुश्किल होगी। आज पटना के गांधी मैदान में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि असली ताकत जनता के पास है और मजदूर किसान तथा आंदोलनकारी ताकते एकजुट हो तो सत्ता परिवर्तन होगा। सभा में पार्टी के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, राज्य सचिव कुणाल और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित हुए।

---

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि एक ही नंबर के दो मतदाता फोटो पहचान पत्र—ईपीआईसी का अर्थ यह नहीं है कि पहचान पत्र फर्जी है या मतदाता बोगस है। आयोग ने एक बयान में यह बात कही। इससे पहले मीडिया की खबरों में दो अलग—अलग राज्यों में मतदाताओं के एक ही नंबर के मतदाता फोटो पहचान पत्र का मुद्दा उठा था। एक रिपोर्ट —

———बाइट———

आयोग ने स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर एक हो सकते हैं लेकिन जनसांख्यिकी, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसा अन्य ब्यौरा अलग होता है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता जिस राज्य या केंद्रशासित प्रदेश की मतदाता सूची में नामांकित है, वहां वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकते है। इसके अलावा मतदाता कहीं और वोट नहीं डाल सकते। आयोग के अनुसार मतदाता सूची के डेटाबेस को एरोनेट प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने से पहले विकेंद्रीकृत और मैनुअल व्यवस्था के कारण अलग—अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुछ मतदाताओं को एक ही संख्या वाले मतदाता फोटो पहचान पत्र

आवंटित हो गए थे। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट ईपीआईसी नंबर आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। सुर्पणा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।

———————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि जे.पी. गंगा पथ के विस्तार पर साढ़े सात हजार करोड़ से अधिक रूपये खर्च होंगे। इसकी मौजूदा लंबाई साढ़े बीस किलोमीटर से बढ़कर एक सौ बयालीस किलोमीटर हो जायेगी। इसका विस्तार कोईलवर के वीर कुंवर सिंह सेतु और पूरब में मोकामा तक किया जायेगा। डॉक्टर सिंह ने कहा कि पटना जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान लगभग एक खरब रूपये की बत्तीस योजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

———बाइट———

जिलाधिकारी डॉक्टर सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन ने पटना में नए ग्रीन फिल्ड हवाई अड्डे के निर्माण का प्रस्ताव सरकार को भेजा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत पटना जिले में कई विकास परियोजनाओं पर काम होगा और अगले दो से तीन साल में इसे पूरा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इन विकास योजनाओं पर अगले पच्चीस वर्ष के लिए पटना के भविष्य की योजना के तहत काम किया जा रहा है।

———————————————————

इधर, नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा है कि 10 फरवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान 14 योजनाओं की घोषणा की थी जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है इन योजनाओं को पूरा करने में 1244 करोड रुपए की राशि खर्च की जाएगी। वे नवादा समाहरणालय के सभागार में आज आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और बेतिया सांसद संजय जायसवाल ने कहा है कि समाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग और वृद्ध लोगों की सहायता के लिए तत्परता से काम कर रहा है। श्री जायसवाल ने आज बेतिया में बताया कि चनपटिया, बैरिया और बेतिया प्रखंड में छह से आठ मार्च के बीच एलिमको संस्था की ओर से

आयोजित कैंप में दिव्यांग और वृद्धजनों के बीच सहायक उपकरण का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

———बाइट———

---

रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आज पहला रोज़ा रखा। इससे पहले कल चांद देखे जाने के बाद राजधानी पटना सहित राज्य की विभिन्न मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू हो गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है और देशवासियों को करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की भी याद दिलाता है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी मुस्लिम धर्मावलंबियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। रमजान को लेकर राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाजारों की रौनक बढ़ गयी है। सेवई, सूखे मेवे और फल की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी जा रही है।

---

पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पूर्व और मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज किशनगंज और वाल्मिकीनगर में सबसे कम न्यूनतम तापमान चौदह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक के अनुसार अगले दो दिनों के बाद राज्य के अनेक भागों के अधिकतम तापमान में वृद्धि हो सकती है।

———बाइट———

---

बिहार के पूर्व गृह सचिव डॉक्टर ए.के. विश्वास के निधन पर आज पटना के अंबेडकर सेवा और शोध संस्थान में शोक सभा का आयोजन किया गया। पूर्व गृह सचिव डॉक्टर जियालाल आर्य और कई अन्य अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली ने आज शेखपुरा जिले के बरबीघा में स्वर्गीय विजय शंकर सिंह प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के नए सत्र का उद्घाटन किया।

---

कटिहार जिले के कुर्सेला बाजार से पुलिस ने सात किलो गांजा के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

बांका जिले के पंजवारा थाने की पुलिस ने जांच के दौरान एक वाहन से उनसठ कार्टन विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

जन औषधि सप्ताह के तहत आज औरंगाबाद में जन आरोग्य मेला का उद्घाटन रेड क्रॉस के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने किया।

---

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र के नहर के समीप एक ट्रैक्टर के पलट जाने से उस पर सवार बारह से अधिक लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

01. वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए राज्य का आम बजट कल पेश होगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बजट बिहार के तीव्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।
02. निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया, मतदाता फोटो पहचान पत्र – ईपीआईसी संख्या समान होने का मतलब फर्जी मतदाता नहीं; पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट ईपीआईसी संख्या आवंटित की जाएगी।
03. कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा–आगामी विधानसभा चुनाव में ए टीम के रूप में मुकाबला करेगी। मजबूती से लड़ेगी चुनाव।
04. और, जे.पी. गंगा पथ के विस्तार पर साढ़े सात हजार करोड़ से अधिक रूपये खर्च होंगे। विस्तार के बाद पथ की लंबाई साढ़े बीस किलोमीटर से बढ़कर एक सौ बयालीस किलोमीटर हो जायेगी।

---

समाप्त